(c) whether the result of the research in bacterial diseases of plants will be widely published?

The Minister of Food and Agriculture (Shri A. P. Jain): (a) to (c). A statement is placed on the Table of the Lok Sabha. [*See* Appendix VIII, annexure No. 29.]

दिल्ली और नई दिल्ली की सड़कों के नाम

२८०९. { **श्री भक्त दर्शन :**
श्री हेम राज :

क्या स्वास्थ्य मंत्री ६ सितम्बर, १९५७ **के अतारांकित** प्रश्न संख्या १३३१ के उत्तर **के सम्बन्ध** में यह बताने की कृपा करेंगे **कि** :

(क) क्या दिल्ली और नयी दिल्ली की कुछ और सड़कों के नाम बदल कर उनके भारतीय नाम रखने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न सड़कों के लिये क्या क्या नाम चुने गये हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सड़कों के भारतीय नाम रखने का प्रस्ताव सदा के लिये छोड़ दिया गया है ?

स्वास्थ्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) यह प्रश्न भी नहीं उठता है, क्योंकि ऐसे प्रस्तावों के उपस्थित होने पर उन पर विचार करना दिल्ली नगर निगम अथवा नई दिल्ली नगर पालिका का काम है ; इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नही है ।

पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन में प्रशिक्षण

२८१०. **श्री नवल प्रभाकर** : **क्या खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने **की** कृपा करेंगे कि :

(क) **क्या यह सच है कि** हिसार **के पशु-चिकित्सा विज्ञान तथा पशु-पालन कालेज में पशु-चिकित्सा विज्ञान तथा पशुपालन की शिक्षा प्राप्त करने के लिये दिल्ली प्रदेश से प्रति वर्ष ४ उम्मीदवारों को भेजा जाता है ;**

(ख) यदि हां, तो इन उम्मीदवारों के चुनाव का तरीका क्या है; और

(ग) प्रशिक्षण में कितना समय लगता है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन) : (क) जी हां ।

(ख) योग्य उम्मीदवारों से प्रार्थना-पत्र मंगवाने के बाद सेलेक्शन बोर्ड द्वारा ।

(ग) चार वर्ष ।

दिल्ली में मछली पालन

२८११. **श्री नवल प्रभाकर** : **क्या खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली प्रदेश में सरकार द्वारा मछली पालने के सम्बन्ध में किये गये प्रयत्नों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप उत्पादन में कोई वृद्धि हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो कितनी ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन): (क) किये गये प्रयत्नों का ब्यौरा संक्षिप्त में निम्न प्रकार है :—

एकोनोमिक स्पीसिस (Economic species) के मछली के अंडों को नदी से इकट्ठा करना और गांवों के तालाबों में उनका रखना ; मछली पालन के लिए उपयुक्त तालाबों के चुनाव और अंडे इकट्ठे करने के केन्द्रों का सर्वे करना ; फिश कल्चर (Fish culture) के तरीकों का प्रचार ; नदी में फिश ब्रूडर्स (Fish brooders) और मछली के अंडों को बचाने के लिए संरक्षण के उपाय करना ;